दिनांकः 16.09.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 140 करोड़ भारतीय देश को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आज गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। श्री मोदी ने कहा कि सरकार की वर्तमान कार्य योजना वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने की है। इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से किया गया है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 कल से शुरू हो रहा है। 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के इस साल का विषय ''स्व्भाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता'' रखा गया है। इसके तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामुहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई गतिविधियां आयोजित कर आम लोगों को शामिल किया जाएगा। राज्यभर के सभी जिलों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत होगी।

प्रदेश के एक सौ युवा और प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे जाएंगे। राज्य सरकार की ओर से नॉलेज इनहेंसमेन्ट प्रोग्राम के तहत पहले चरण में प्रगतिशील युवा किसानों को उन देशों में भेजा जाएगा, जहां कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं। उच्च तकनीक के इस्तेमाल से कम जगह और कम लागत में अधिक फसल उत्पादित की जा रही है। इसके लिए निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले युवा किसानों से 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर देशभर में आज ईद मिलाद–उन–नबी का पर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मिलाद महफिल और सीरत जलसों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें पैगम्बर मोहम्म्द साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में बताया जा रहा है। इस मौके पर मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद मिलाद–उन–नबी के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं है। इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने सद्भाव और एकजुटता हमेशा बनी रहने और चारों और खुशी और समृद्धि बने रहने की आशा व्यक्त की है।

इधर, प्रदेश में भी ईद मिलाद–उन–नबी के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राजधानी जयपुर में दोपहर बाद जुलूस निकाला जाएगा। ये जुलूस घाटगेट से रवाना होकर शाम को कर्बला पहुंचेगा। डीग के कामां में सुबह नमाज अदा कर अलग–अलग स्थानों से जुलूस निकाला गया। जैसलमेर में निकाले गए जुलूस पर विभिन्न संगठनों की ओर से पुष्प वर्षा कर साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की गई। भीलवाडा में लोगों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। यहां मस्जिदों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। पाली, नागौर, बारां, बालोतरा, हनुमानगढ, सवाईमाधोपुर और डूंगरपुर सहित अन्य जिलों में भी इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। जुलूस के मद्देनजर

इन सभी स्थानों पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। साथ ही यातायात की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

केन्द्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से माय भारत इनिशिएटिव के तहत युवाओं को चिकित्सा तथा डाक विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया जाएगा। इसके लिए 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं से ''माय भारत पोर्टल'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आवेदन मांगे गए हैं।

इस लर्निंग प्रोग्राम के तहत सामान्य चिकित्सालय की ओर से कल से तथा पोस्टल डिपार्टमेंट द्वारा 23 सितम्बर से लगभग एक महीने तक विभागीय गतिविधियों से युवाओं को रूबरू करवाया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।